# राजभाषा प्रकोष्ठ
# HINDI CELL
## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
## DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई–मेल :rajbhasha@dhsgsu.edu.in
दूरभाष क्र. : (07582) 297118


क्र. : रा.भा.प्र. / 2025 / 32 / 4053

२1 अक्टूबर, 2025

प्रति,

समस्त सम्माननीय सदस्यगण
विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

विषय : **विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50वीं तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50वीं तिमाही बैठक दिनांक 26 सितम्बर, 2025 को मध्याह्न 12.00 बजे गौर समिति कक्ष, नवीन प्रशासनिक भवन में माननीय कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उक्त बैठक का सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 16.10.2025 का अनुमोदित कार्यवृत्त आपकी ओर सूचनार्थ, अभिलेख एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

सादर,

**संलग्नक : यथोक्त।**

भवदीय,

17/10/25

संतोष सोहगौरा
हिन्दी अधिकारी (प्र.)

**प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. कुलपति के निज सहायक – माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष, विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति को सूचनार्थ।
2. समस्त सदस्यगण, राजभाषा कार्यान्वयन समिति।
3. श्री अनिल कुमार, उप सचिव (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. श्री अजय कुमार झा, उप निदेशक (राजभाषा), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. संयुक्त सचिव (राजभाषा), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6. श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
7. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ – कृपया उक्त कार्यवृत्त वेबसाइट पर अपलोड करवाने के अनुरोध के साथ।
8. कुलसचिव के निज सहायक।
9. गार्ड फाईल।

# राजभाषा प्रकोष्ठ
# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

---

## विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50वीं तिमाही बैठक

**दिनांक :** 26 सितम्बर, 2025 (शुक्रवार)
**समय** : मध्याह्न 12:00 बजे
**स्थान** : गौर समिति कक्ष, नवीन प्रशासनिक भवन।

## ।। कार्यवृत्त।।

विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50वीं तिमाही बैठक का आयोजन मध्याह्न 12:00 बजे गौर समिति कक्ष, नवीन प्रशासनिक भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने की।

समिति के सदस्य-सचिव श्री संतोष सोहगौरा ने विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति एवं समिति के पदेन अध्यक्ष प्रो. वाय.एस. ठाकुर का पुष्पगुच्छ भेंट कर समिति की ओर से स्वागत किया। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के कुलपति समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की निवर्तमान अध्यक्ष प्रो. नीलिमा गुप्ता का कुलपति के रूप में कार्यकाल पूर्ण होने के कारण समिति की बैठक की अध्यक्षता वर्तमान में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के दायित्वों का निर्वहन कर रहे विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम आचार्य माननीय प्रो. वाय.एस. ठाकुर कर रहे हैं।

समिति के समस्त सदस्यों के स्वागतोपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी ने कार्यसूची सदन के समक्ष प्रस्तुत की।

बैठक का बिंदुवार कार्यवृत्त निम्नानुसार है :-

**1. विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 49वीं तिमाही बैठक के कार्रवाई प्रतिवेदन की पुष्टि।**

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव ने विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 49वीं तिमाही बैठक का कार्रवाई प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

**संकल्प** : समिति ने एकमत से कार्रवाई प्रतिवेदन पारित किया।

**(कार्रवाई: राजभाषा प्रकोष्ठ)**

**2. 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा।**

समिति के सदस्य-सचिव ने विश्वविद्यालय में वित्तीय वर्ष 205-26 की प्रथम तिमाही (01 अप्रैल, 2025 से 30 जून, 2025) के दौरान राजभाषा की तिमाही प्रगति रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

**संकल्प :** समिति ने एकमत से राजभाषा संबंधी आंकड़ों पर संतोष व्यक्त किया तथा वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु निरंतर प्रयास किए जाने की अनुशंसा की।

**(कार्रवाई: समस्त विभाग/अनुभाग/केन्द्र/प्रकोष्ठ एवं राजभापा प्रकोष्ठ)**

3. **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा पर चर्चा।**

समिति के सदस्य-सचिव ने बताया कि 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा विश्वविद्यालय अनुदान द्वारा की गई है। उक्त समीक्षा के आधार पर विश्वविद्यालय में राजभाषा की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पत्राचार प्रतिशत को वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।

**संकल्प:** समिति ने समीक्षा पर चर्चा करते हुए हिंदी पत्राचार प्रतिशत बढ़ाने हेतु विश्वविद्यालय के समस्त विभागों/अनुभागों/कार्यालयों से निरंतर प्रयासरत रहने की अनुशंसा की।

**(कार्रवाई: समस्त विभाग/अनुभाग/कार्यालय एवं राजभाषा प्रकोष्ठ)**

4. **राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित महामहिम राष्ट्रपति जी के आदेशों पर चर्चा।**

सदस्य-सचिव ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित महामहिम राष्ट्रपति के आदेश परिचालित किए गए हैं। उक्त आदेशों पर अनुपालनात्मक कार्रवाई का बिंदुवार ब्यौरा शिक्षा मंत्रालय को प्रेषित किया गया है।

**संकल्प:** समिति ने महामहित राष्ट्रपति जी के आदेशों पर अनुपालनात्मक कार्रवाई हेतु सर्वसंबंधितों को निदेशित करने की अनुशंसा की।

**(कार्रवाई: समस्त विभाग/अनुभाग/कार्यालय एवं राजभाषा प्रकोष्ठ)**

5. **आंतरिक राजभाषा निरीक्षण के प्रतिवेदन एवं आगामी निरीक्षण प्रस्ताव पर चर्चा।**

सदस्य-सचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी के उद्देश्य से विभिन्न विभागों/अनुभागों/कार्यालयों का आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किया जाता है। विगत तिमाही के दौरान राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ एवं विधि प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया गया। आगामी तिमाही हेतु जनसंपर्क कार्यालय, वित्त एवं लेखा शाखा, कुलानुशासक कार्यालय एवं परीक्षा अनुभाग आदि अनुभागों/कार्यालयों का निरीक्षण करने का प्रस्ताव दिया।

**संकल्प:** समिति ने एकमत से प्रस्तावित कार्यालयों/अनुभागों के निरीक्षण के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

**(कार्रवाई: संबंधित विभाग/अनुभाग/कार्यालय एवं राजभाषा प्रकोष्ठ)**

6. **लघु वृत्तचित्र निर्माण हेतु गठित समिति के अध्यक्ष के परिवर्तन के संबंध में चर्चा।**

सदस्य-सचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय में राजभाषा की उत्तरोत्तर प्रगति पर केन्द्रित लघु वृत्तचित्र के निर्माण हेतु हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। अभी हाल ही में प्रो. त्रिपाठी की विश्वविद्यालय की सेवा से सेवानिवृत्ति हो गए हैं अत: उनके स्थान पर समिति की अध्यक्षता किसी और गणमान्य प्रोफेसर को सौंपने का प्रस्ताव है ताकि कार्य को गति प्रदान की जा सके।

**संकल्प :** समिति ने उक्त प्रस्ताव पर विचार हेतु राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा अलग से मिसिल प्रस्तुत करने की अनुशंसा की।

**(कार्रवाई: राजभाषा प्रकोष्ठ)**

7. **हिन्दी पुस्तकों की खरीद हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सरकारी प्रकाशन की पुस्तकों की खरीद पर चर्चा।**

सदस्य-सचिव ने समिति को अवगत कराया कि प्रकाशन विभाग, सचूना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिंदी पुस्तकों का प्रकाशन किया जाता है जिनकी कीमत भी काफी कम होती है। विश्वविद्यालय में हिन्दी पुस्तकों की खरीद के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से पुस्तकों की खरीदने का प्रस्ताव है।

**संकल्प :** समिति ने उक्त प्रस्ताव पर एकमत से सहमति व्यक्त करते हुए जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय द्वारा पुस्तक खरीदी हेतु उपलब्ध बजट में से प्रकाशन विभाग, भारत सरकार से रियायती दरों पर पुस्तकें क्रय करने का निदेश दिया साथ ही राजभाषा प्रदर्शनी आदि में प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राजभाषा प्रकोष्ठ को उक्त पुस्तक क्रय करने हेतु अलग से ₹15000/- रूपये का बजट उपलब्ध करवाने की अनुशंसा की ताकि राजभाषा प्रकोष्ठ भी उक्त पुस्तकों की खरीदी कर सके।

**(कार्रवाई: जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय, वित्त एवं लेखा शाखा कुलसचिव कार्यालय एवं राजभाषा प्रकोष्ठ)**

8. **विश्वविद्यालय के राजभाषा अधिकारी श्री संतोष सोहगौरा को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य हेतु मध्य प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन, सागर द्वारा पुरस्कृत किए जाने की सूचना।**

समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से राजभाषा प्रकोष्ठ के हिन्दी अनुवादक ने समिति को बताया के समिति के सदस्य-सचिव, संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी श्री संतोष सोहगौरा को विश्वविद्यालय एवं नराकास, सागर के माध्यम से सागर एवं बीना नगर में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वियन हेतु मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन, सागर द्वारा सम्मानित किया गया है जोकि विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

**संकल्प:** समिति की ओर से एवं व्यक्तिगत रूप से माननीय अध्यक्ष प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने श्री संतोष सोहगौरा की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह सम्मान हिंदी की सेवा हेतु श्री सोहगौरा द्वारा किए जा रहे सतत् प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की श्री सोहगौरा राजभाषा कार्यान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने हेतु निरंतर प्रयत्नशील बने रहेंगे।

9. **नराकास, सागर (म.प्र.) की वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही बैठक के आयोजन की सूचना।**

सदस्य-सचिव ने समिति को बताया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय की कुलपति को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। विश्वविद्यालय की निवर्तमान कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में 18 जून, 2025 को नराकास, सागर की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही बैठक विश्वविद्यालय के रंगनाथन सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में सागर एवं बीना नगर स्थित बैकों/कार्यालयों/उपक्रमों के कार्यालयाध्यक्ष एवं राजभाषा प्रभारी सहित लगभग 70 सदस्यों ने प्रतिभागिता सुनिश्चित की। बैठक का संयोजन नराकास, सागर के सदस्य-सचिव तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी श्री संतोष सोहगौरा ने किया।

10. **अध्यक्षीय उद्बोधन- माननीय कुलपति महोदय द्वारा।**

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस.ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारे स्वप्नों की और अंत:करण की भाषा है। हम अपने हर्ष और विषाद की अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही करते हैं। आवश्यकता है तो इसे अपने कार्यालयीन व्यवहार में भी अधिकाधिक प्रयोग किए जाने की। विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार और बढ़ावा देने के लिए त्वरित गति से प्रयास

किये जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य को राजभाषा कार्यान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। हिन्दी में उत्कृष्ट पाठ्य सामग्री निर्माण करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए उन्होंने विश्वविद्यालय में राजभाषा के सफल कार्यान्वयन हेतु राजभाषा प्रकोष्ठ की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**11. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु ।**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव ने समिति का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 49वीं तिमाही बैठक में राजभाषा प्रदर्शनी को स्थायी रूप से लगाने के लिए स्थान आबंटन का संकल्प पारित किया गया था परन्तु अभी तक स्थान आबंटित नहीं किया जा सका है।

**संकल्प :** माननीय अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा प्रदर्शनी हेतु स्थायी स्थान आबंटन की कार्यवाही 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने हेतु संपदा कार्यालय को निदेशित किया।

**(कार्रवाई: संपदा कार्यालय)**

**12. आभार ज्ञापन- कुलसचिव द्वारा।**

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से माननीय अध्यक्ष महोदय प्रो. वाय.एस. ठाकुर, विभिन्न अध्ययनशालाओं के अधिष्ठाताओं, समिति के सम्मानित सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय ने व्यक्त किया।

इस प्रकार सौहार्दपूर्ण वातावरण में विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50वीं तिमाही बैठक सम्पन्न हुई।

**संलग्न: उपस्थिति पत्रक।**

| | |
|---|---|
| **(संतोष सोहगौरा)** | **(प्रो. वाय.एस. ठाकुर)** |
| **राजभाषा अधिकारी(प्र) एवं सदस्य-सचिव** | **कुलपति एवं अध्यक्ष** |
| **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** | **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** |

## विश्वविद्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 50वीं तिमाही बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. वाय.एस. ठाकुर<br>(मान. कुलपति) | अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति |
| 2. | डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय<br>कुलसचिव | सदस्य |
| 3. | प्रो. चंदा बैन<br>अध्यक्ष, हिन्दी विभाग | सदस्य |
| 4. | प्रो. यू.के.पाटिल<br>निदेशक, योजना एवं संसाधन सृजन | सदस्य |
| 5. | प्रो. विनोद भारद्वाज<br>निदेशक, अकादमिक गतिविधियाँ | सदस्य |
| 6. | डॉ. मोहन टी.ए.<br>पुस्तकालयाध्यक्ष, जहवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय | सदस्य |
| 7. | डॉ. आर.टी. बेद्रे<br>निदेशक, मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र | सदस्य |
| 8. | श्री सतीश कुमार<br>उपकुलसचिव | सदस्य |
| 9. | डॉ. रूपेन्द्र जुगल चौरसिया<br>सीनियर सिस्टम एनालाएस्ट (आई.टी.सेल) | सदस्य |
| 10. | श्री आर.के. पाल<br>सहायक कुलसचिव | सदस्य |
| 11. | श्री दीपक कुमार शाक्य<br>सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा शाखा) | सदस्य |
| 12. | श्रीमती ए. लक्ष्मी<br>सहायक कुलसचिव (परीक्षा) | सदस्य |
| 13. | श्रीमती ममता त्रिपाठी<br>सहायक कुलसचिव (स्थापना) | सदस्य |
| 14. | श्री सचिन सिंह गौतम<br>नेटवर्किंग एडमिनिस्ट्रेटर (आई.टी.सेल) | सदस्य |
| 15. | श्री अंजनेय शुक्ला<br>प्रभारी, क्रय एवं भण्डार शाखा | सदस्य |
| 16. | श्री राजू प्रसाद<br>सहायक कुलसचिव (परीक्षा) | सदस्य |
| 17. | श्री संतोष सोहगौरा<br>संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी, राजभाषा अधिकारी | सदस्य–सचिव |
| 18. | श्री अभिषेक सक्सेना, राजभाषा प्रकोष्ठ | हिन्दी अनुवादक |
| 19. | श्री विनोद रजक, राजभाषा प्रकोष्ठ | उच्च श्रेणी लिपिक |

### विशेष आमंत्रित सदस्य

| | | |
|---|---|---|
| 20. | श्री मानेन्द्र सिंह परिहार<br>जिला जेल अधीक्षक, सागर (म.प्र.) | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | डॉ. संजय किशनराव नाईनवाड़<br>सह–प्राध्यापक, हिन्दी विभाग | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | डॉ. अनूपी समैया<br>सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा<br>प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्र. 04 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | श्री योगेन्द्र कुमार<br>टी.जी.टी., हिन्दी केन्द्रीय विद्यालय क्र. 04 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | डॉ. हिमांशु कुमार, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग | विशेष आमंत्रित सदस्य |

•••